Hindi

घर में एक से अधिक भाषाओं का उपयोग करना

परिवारों के लिए गाइड

Using More Than One Language in the Home – A Guide for Families

केवल एक भाषा सुनने वाले बच्चों के मुकाबले एक से अधिक भाषाएं सुनने वाले बच्चे, उतनी ही जल्दी भाषा समझने और बोलने में सक्षम होते हैं। एक से अधिक भाषाएं सीखने वाले बच्चों का दिमाग़ तेज़ होता है।

एक से अधिक भाषा सीखने वाले बच्चों के लिए बातचीत करते समय अपनी अन्य भाषाओं को मिलाना एक सामान्य बात है।

यदि अंग्रेज़ी आपकी घरेलू-भाषा (मातृ-भाषा) नहीं है, तो आपके बच्चे के किंडरगार्टन में जाना शुरु करने से पहले, घर में अंग्रेज़ी का उपयोग करने की कोई ज़रूरत नहीं है। आपके बच्चे के लिए आपको वह भाषा बोलते हुए सुनना अधिक मददगार होता है, जिसे आप बहुत अच्छी तरह बोलते हैं।

घर में एक भाषा बोलना और स्कूल में दूसरी भाषा बोलना, आपक बच्चे के हित में है।

अपनी मातृ-भाषा(एं) क्यों बोलें (Why keep your home language(s))

- आपका बच्चा अपनी मातृ-भाषा में जितना मज़बूत होगा, वह उतनी ही आसानी से अन्य भाषाएं भी सीख सकेगा।
- जब आप सबसे अच्छी तरह बोली जाने वाली भाषा का उपयोग करते हैं, तो आप अपने बच्चे के सामने एक मज़बूत भाषा का उदाहरण हैं।
- इससे पारिवारिक और सांस्कृतिक संबंध बनाए रखने में मदद मिलती है।
- एक से अधिक भाषा बोलने का लाभ यह है कि यह सीखने के अन्य क्षेत्रों में योगदान दे सकता है।

अधिक जानकारी के लिए,
अपने स्पीच-लैंग्वेज पैथोलॉजिस्ट या
अपनी स्थानीय सार्वजनिक स्वास्थ्य यूनिट से संपर्क करें।

Image by Jemastock onFreepik

अपनी मातृ-भाषा सीखने में अपने बच्चे की मदद कैसे करें (How to help your child learn your home language)

- पुस्तकें, कहानियां, गीत और गेम्स अपनी मातृ-भाषा में ही साझा करें।
- भोजन करने, नहलाते समय, ख़रीदारी, सोते समय और अन्य दैनिक दिनचर्या के दौरान अपने बच्चे के साथ बात करें।
- बोली जाने वाली अपनी मातृ-भाषा सुनने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लें।
- आपकी भाषा बोलने वाले अन्य परिवारों से जुड़ें।
- अपने बच्चे के साथ अधिक समय तक खेलें और बात करें। स्क्रीन पर और टीवी देखने में कम समय बिताएं।

कब मदद लें (When to get help)

- आपके बच्चे को अपनी मातृ-भाषा में बातचीत करने में परेशानी हो रही है।
- आपका बच्चा अपनी मातृ-भाषा में वह नहीं कर पा रहा, जिसकी उम्मीद उस उम्र में की जाती है। हमारी Referral Guide में बोलचाल और भाषा संबंधी दिशानिर्देश देखें।

रेफ़रल गाइड के लिए स्कैन करें

आप हमारे webpage पर रेफ़रल फ़ार्म भरकर अपने बच्चे को स्पीच-लैंग्वेज पैथोलॉजिस्ट से मुलाकात करने के बारे में पूछ सकते हैं।

वेबपेज के लिए स्कैन करें

यह जानकारी आपके स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता द्वारा आपको दी गई सलाह का स्थान नहीं ले सकती।

Catalogue #267885 (January 2023) Hindi
For more copies: patienteduc.fraserhealth.ca